दिनांक : 24.04.2025 समय : 07.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

- पहलगाम में आतंकी हमलें पर संसद भवन परिसर में सर्वदलीय बैठक जारी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा आतंकवादियों को बख्शा नहीं जायेगा, दुनिया के किसी भी कोने से ढूंढ निकालेंगे आतंकी।
- इन्दौर में 27 अप्रैल को होगी एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव, मुख्यमंत्री ने कहा टेक कंपनियों के लिए निवेश का है स्वर्णिम अवसर।
- प्रदेश में तेज गर्मी का दौर जारी,मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में हल्की बारिश का जताया आसार।

अब समाचार विस्तार से–

**पहलगाम सर्वदलीय बैठक**

पहलगाम आतंकी हमले पर सरकार की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक संसद भवन परिसर में जारी है। गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, डीएमके पार्टी के त्रिरूचि शिवा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रफुल्ल पटेल, एनसीपी शरद पवार गुट की सुप्रिया सुले और आम आदमी पार्टी के संजय सिंह सहित कई अन्य दल के नेता सर्वदलीय बैठक में भाग ले रहे हैं।

**प्रधानमंत्री-बिहार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत हर आतंकवादी और उसे सहायता देने वालों की पहचान करके उनका पता लगाएगा और पहलगाम हमले के दोषियों को दंडित करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को बख्शा नहीं जाएगा और भारत, दुनिया के किसी भी कोने से अपराधियों को ढूंढ निकालेगा। श्री मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज बिहार के मधुबनी जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद से देश की आत्मा कभी नहीं टूटेगी।

श्री मोदी ने मधुबनी से **तेरह हजार 480 करोड़** रूपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया और आधारशिला रखी। इस अवसर पर

उन्होंने **आठ सौ 70 करोड़** रूपए की लागत वाली रेल परियोजनाओं का उद्घाटन किया और चार रेलगाड़ियों को झंडी दिखाई।
प्रधानमंत्री ने विभिन्न श्रेणियों में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 प्रदान किए।

**पंचायती राज प्रदेश**

पंचायती राज दिवस के अवसर प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश व देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार गांवों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए हर जनपद में एक-एक "वृंदावन ग्राम" विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही ह। प्रदेश के पंचायतराज मंत्री प्रहलाद पटेल ने रायसेन जिले के सांची जनपद के ग्राम सिलवानी में पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद किया । उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण जनसंवाद उन्मुखीकरण कार्यक्रम और सम्मान समारोह शुभारंभ किया गया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार प्रत्येक पंचायत का समग्र विकास किए जाने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्वालियर जिले की ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लगभग 1000 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। ग्राम पंचायत रतवाई, बरई, जौरासी और भितरवार जनपद पंचायत में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व पंचायतराज संस्थाओं के प्रतिनिधिगण शामिल हुए। झाबुआ में मधुबनी जिले में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कलेक्टर नेहा मीना द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

**प्रधानमंत्री - इस्पात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि भारत का इस्पात उद्योग अपने भविष्य को लेकर नये आत्मविश्वास से भरा हुआ है। मुंबई में **इं□या स्टील** छठी अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय इस्पात नीति के अंतर्गत निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों का उल्लेख किया। इसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक देश का इस्पात उत्पादन बढाकर तीन सौ मिलियन टन तक करना है।

**रोजगार मेला**

प्रधानमंत्री रोजगार मेला 2025 का देश के 47 स्थानों पर आयोजन किया जाएगा। भोपाल में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर और केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग इसका आयोजन करने जा रहा हैं। इसमें करीब 300 नियुक्ती प्रमाण पत्रों का वितरण किया जाएगा। समन्वय भवन, न्यू मार्केट में होने वाले इस कार्यक्रम में गणमान्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी गण हिस्सा लेंगे।

**पीएम मित्रा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि केंद्र सरकार ने प्रदेश को 2100 करोड़ रूपये की पीएम मित्रा पार्क परियोजना की स्वीकृति दी है। केन्द्रीय कपड़ा मंत्रालय द्वारा मंजूर यह योजना भारत में अपनी तरह का पहला एकीकृत टेक्सटाइल पार्क होगा। यह 2100 एकड़ में फैला अत्याधुनिक पीएम मित्रा पार्क राज्य में रोजगार और निवेश के लिए एक नया क्षितिज खोलेगा। धार जिले की बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में पीएम मित्रा पार्क स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि पीएम मित्रा पार्क के लिए शीघ्र ही भूमि आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पीएम मित्रा पार्क की मंजूरी के लिए आभार व्यक्त किया है।

**आईटी कॉन्क्लेव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के युवाओं की आत्मनिर्भरता और रोजगार के लिए राज्य सरकार सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल को इंदौर में एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 और 3 मई को एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव मंदसौर में आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि देश-दुनिया के टेक दिग्गजों के लिए निवेश का स्वर्णिम अवसर होगा। यह आयोजन जीआईएस-भोपाल में आए निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने का महत्वपूर्ण प्रयास है। इस कॉन्क्लेव में एनिमेशन, विज़ुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्टेन्डेड रियलिटी उद्योग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। द मुख्यमंत्री और प्रमुख उद्योगपतियों के बीच वन-ऑन-वन मीटिंग्स होंगी, साथ ही एकीकृत प्रोत्साहन पोर्टल का शुभारंभ भी किया

जाएगा, जो सभी निवेश परियोजनाओं के लिए रियलटाइम अपडेट और सिंगल विंडो सुविधा प्रदान करेगा।

**मौसम**

प्रदेश में तेज गर्मी  के बीच  मौसम विभाग आने वाले दिनों में हल्की बारिश की संभावना जता रहा है। अगले दो दिन तेज गर्मी रहेगी जिसके बाद पश्चिमी हिस्सों में हल्की बारिश के आसार हैं। विशेष रूप से ग्वालियर संभाग, नर्मदापुरम और बैतूल जैसे दक्षिणी क्षेत्रों में हल्की बारिश के साथ गरज-चमक की गतिविधियाँ देखने को मिल सकती हैं। मौसम वैज्ञानिक दिव्या ई सुरेंद्रम ने बताया कि फिलहाल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन उसके बाद कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना बन रही है।

**समाचार संक्षेप में .....**

- भोपाल के भेल परिसर स्थित गेट नंबर 9 के पास आज वेस्ट मटेरियल में अचानक आग लग गई। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायज़ा लिया।
- नगरीय विकास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज जिले के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली।
- पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में आज रायसेन जिले के बरेली में निकाली गई जन आक्रोश रैली में प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र पटेल ने दिवंगतों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।
- सागर जिले में ट्रक से एक कार के टकराने से कार में सवार भोपाल निवासी दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।
- खण्डवा कलेक्टर ने आज मूर्तिकारों के साथ बैठक में मूर्तिकारों को परंपरागत एवं इको फ्रेंडली  मिट्टी से मूर्ति बनाने के निर्देश दिए।
- अशोकनगर कलेक्टर ने आज गेहूं उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।
- सीहोर जिले की कोलार परियोजना के अन्तर्गत झोलियापुर बैराज के गेट खोले कल जाएंगे।

- बैतूल के पीएमश्री एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला, बाकुड में जनजातीय कार्य विभाग एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा आज सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- देवास जिले में "जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड टोंकखुर्द के चौबाराधीरा हाई स्कूल में शिक्षकों द्वारा जल बचाने का संकल्प लिया।